# जबसे खाटू हुआ आना जाना | By Gajender Sharma

जबसे खाटू हुआ आना जाना
मिल गया मूझको मेरा ठिकाना
ज़िन्दगी का हुआ पल सुहाना
अब ना बाकी रहा कुछ भी पाना
जबसे खाटू हुआ ................

मैं क्या बतलाऊँ कितनी मेरी आँखें रोइ
अब करता नहीं हूँ मैं कल की अब चिंता कोई
मुझे चैन मिला सांवरिया तेरे चरणों में
तुमने ही जगा दी मेरी ये किस्मत सोई
दिया तुमने ये नज़राना
मिल गया मूझको मेरा ठिकाना
जबसे खाटू हुआ ................

ये ही पहली आखरी इच्छा थी मेरे मन की
तेरी सेवा करूँ दिन रात ना चाहत है धन की
तुझे पाकर मैंने श्याम धणी सब कुछ पाया
हुई पूरी तमन्ना मेरे हलचल जीवन की
भाग्य मेरा तुझे श्याम पाना
मिल गया मूझको मेरा ठिकाना
जबसे खाटू हुआ ................

दुनियादारी के चक्कर में अनजान रहा
सब कुछ होकर मेरे पास मैं परेशान रहा
तेरी चौखट की माटी को लगाया जब माथे
कुंदन हर लम्हा जीने का आसान रहा
रिश्ता ऐसे ही आगे निभाना
मिल गया मूझको मेरा ठिकाना
जबसे खाटू हुआ ................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%ac%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%81%e0%a4%86-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-by-gajender-sharma/